तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 22 नवंबर 2025

[ बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला ]

04 आत्मानंद स्कूल में हुआ न्योता भोज का आयोजन



04 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक दिन पांच प्रसव ...



## खबर संक्षेप

### धान खरीदी के नवीन पंजीयन और रकबा संशोधन की तिथि अब 25 तक

**बलौदाबाजार**। किसानों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए राज्य शासन ने धान बिक्री हेतु नवीन पंजीयन एवं रकबा संशोधन के लिए अतिरिक्त समय प्रदान किया है। अब किसान 25 नवंबर तक अपने नजदीकी तहसील कार्यालय में जाकर आसानी से पंजीयन तथा रकबा संशोधन करा सकेंगे।
जिला प्रशासन द्वारा जिले के किसानों को पंजीयन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए तहसील स्तर पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। किसानों को समय पर पंजीयन एवं संशोधन कराने की अपील की गई है, ताकि धान खरीदी प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाधा न आए।

### सामान्य सभा की बैठक में विभिन्न विषयों पर हुई चर्चा



**सिमगा**। जनपद पंचायत के सभागार में अध्यक्ष दौलत पाल की अध्यक्षता में सामान्य सभा की बैठक आहूत की गई। इसमें विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में सर्वप्रथम विकास कार्यों की समीक्षा की गई। साथ ही रुके हुए कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए। इसके साथ ही विभिन्न विषयों पर भी चर्चा की गई। तत्पश्चात जनपद सदस्यों का बीपी, शुगर जांच किया गया। शेष पेज 02 पर

### बोनस, ईएल-सीएल भुगतान और नौकरी से निकालने के विरोध में 8 घंटे दिया धरना

# संयंत्र श्रमिकों ने किया आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार





जिले के संयंत्र में शुक्रवार को श्रमिकों का आक्रोश फूट पड़ा। सैकड़ों श्रमिक अपनी लंबित मांगों को लेकर संयंत्र गेट पर सुबह से ही धरने पर बैठ गए और करीब आठ घंटे तक विरोध प्रदर्शन जारी रखा। श्रमिकों ने प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

श्रमिकों का आरोप है कि वर्षों से कार्यरत होने के बावजूद उन्हें बोनस, ईएल-सीएल का भुगतान नहीं किया जा रहा है। इसके साथ ही प्रबंधन द्वारा मनमाने तरीके से श्रमिकों को नौकरी से हटाया जा रहा है, जिसे उन्होंने स्पष्ट शोषण बताया।

श्रमिकों ने बताया कि हाल ही में एक श्रमिक के साथ सिक्योरिटी गार्ड द्वारा मारपीट की गई थी, लेकिन प्रबंधन ने कोई कार्रवाई नहीं की। उनका कहना है कि संयंत्र में सुरक्षा व्यवस्था ही नहीं है, तो सुरक्षित वातावरण में काम कैसे करेंगे?

इस पर एएसपी अभिषेक सिंह ने बताया कि पुलिस टीम कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए भेजी गई थी।

#### गेट पर रोका गया

धरने की जानकारी मिलने पर कवरेज के लिए पहुंचे पत्रकारों को संयंत्र गेट पर ही रोक दिया गया और प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई। पत्रकारों का कहना है कि यह घटना संयंत्र प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करती है।

#### सूचना मिलते ही पुलिस बल पहुंचा

सूचना मिलने पर पुलिस बल मौके पर पहुंचा। श्रमिकों का आरोप है कि पुलिस केवल प्रबंधन की सुरक्षा में तैनात रही, जिससे प्रदर्शन स्थल पर असंतोष बढ़ा।

## मारपीट में युवक की मौत, तीन दोषियों को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



थाना कसडोल क्षेत्र के ग्राम ठाकुरदीया में मारपीट के दौरान युवक की मौत के प्रकरण में न्यायालय ने तीन आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। यह घटना उस समय हुई, जब मृतक गेंदराम यादव अपने साथी नोहर सिंह ध्रुव एवं हेमलाल ध्रुव के साथ शराब खरीदने गया था। इसी दौरान ग्राम पुटपुरा निवासी आरोपी रवि रजक, राजेंद्र रजक एवं रोहित रजक ने विवाद के चलते गेंदराम पर हमला कर दिया।

आरोपियों द्वारा हाथ-मुक्का तथा सीने पर ईंट-पत्थर से वार करने पर गेंदराम की मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना के प्रत्यक्षदर्शियों को आरोपियों ने जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया। पीड़ित पक्ष की रिपोर्ट पर थाना कसडोल में अपराध दर्ज किया। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया।

मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता लोक अभियोजक थानेश्वर वर्मा द्वारा सशक्त तर्क एवं चश्मदीद गवाहों के बयान प्रस्तुत किए गए, जिससे घटना प्रमाणित हुई। दोनों पक्षों को सुनने के बाद प्रधान सत्र न्यायाधीश बलौदाबाजार अब्दुल जाहिद कुरैशी ने आरोपी रवि रजक, रोहित रजक एवं राजेंद्र रजक को भारतीय दंड संहिता की धारा 302, 323 एवं 34 के तहत दोषी करार दिया। न्यायालय ने तीनों शेष पेज 02 पर

## आरबीआई ने 142 खातों के एक करोड़ से अधिक राशि का समाधान किया

हरिभमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा शुक्रवार को जिला ऑडिटोरियम में समाधान शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में 142 खाता की राशि 1 करोड़ 3 हजार बिना दावा के समाधान किया गया। इस अवसर पर आरबीआई के डीजीएम अमरेन्द्र गुप्ता, अग्रणी जिला बैंक प्रबंधक प्रतीक आनंद, एसबीआई प्रतिनिधि नितीन सिंघवी एवं समस्त बैंक, बीमा कंपनी के प्रबंधक भी उपस्थित थे।

डीजीएम अमरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि अधिक से अधिक निष्क्रिय खातों को सक्रिय करें। खातों से लेनदेन करते रहें। आरबीआई द्वारा निष्क्रिय खातों के राशि को ख़ाताधारकों को भुगतान हेतु लगातार शिविर का आयोजन किया शेष पेज 02 पर

## एसआईआर के लिए 99 प्रतिशत गणना पत्रक वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

■ इस कार्य के लिए जिले के ढाई हजार अधिकारी एवं कर्मचारियों की





मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अंतर्गत बीएलओ द्वारा मतदाताओं के घर-घर गणना पत्रक पहुंचाए जा रहा है। जिले में 4 नवम्बर से बीएलओ के द्वारा गणना पत्रक वितरण का कार्य शुरू किया गया है। बीएलओ द्वारा 18 दिन में जिले के 940944 मतदाताओं को गणना पत्रक का वितरण किया गया है, जो कुल मतदाताओं का 99.12 प्रतिशत है।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी निशा नेताम मड़ावी के अनुसार जिले के तीन विधानसभा क्षेत्र में कुल 949277 मतदाता हैं, जिसमें से अब तक 940944 मतदाताओं को गणना पत्रक वितरित किया जा चुका हैं, जो कुल मतदाताओं का 99.12 प्रतिशत है। इसमें कसडोल विधानसभा अंतर्गत 385622 मतदाता, बलौदाबाजार विधानसभा के 295690 और भाटापारा विधानसभा के 262425 मतदाता शामिल हैं। एसआईआर कार्यक्रम के लिये जिले के करीब ढाई हजार शेष पेज 02 पर

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
भाग्यशाली विजेताओं के नाम

प्रथम पुरस्कार - (1 तोला, 5 नग) सोने का हार
01. सुशीला पति स्व. श्री दीनबंधू , पता- बैगाटोला ईटार, खैरागढ़ (छ.ग.),
02. बिमला बाई साहू, पति श्री राम आसरा साहू, पता – आबादी पारा खपरी , धमतरी (छ.ग.),
03. हेमकांति गौतम पिता – स्व. श्री त्रिलोचन विश्वकर्मा, पता – रायपुर (छ.ग.)
04. साक्षी निषाद पिता – श्री प्रकाश निषाद, पता – शंकर नगर हाउस न. 455 धांगरडीपा रायगढ़ (छ.ग.)
05. प्रीती पति श्री रामचरण, पता – ग्राम किरना पोस्ट पंडरभाटा मुंगेली (छ.ग.),

द्वितीय पुरस्कार - (1 स्कूटी, EV)
उमा साहू पिता श्री जगन्नाथ साहू
पता – हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी , जगदलपुर बस्तर (छ.ग.),

तृतीय पुरस्कार - (2 नग, रेफ्रीजरेटर)
01. प्रीतम कुमार साहू पिता स्व. श्री कुम्भकरण साहू
पता – मोहदी धरसीवां रायपुर (छ.ग.)
02. निधि अग्रवाल पिता – श्री रतन अग्रवाल
पता लाल कुंआ हनुमान ताल जबलपुर (म.प्र.)

चतुर्थ पुरस्कार - (3 नग, LED TV)
01. कौशल दास मानिकपुरी पिता – हीरा दास मानिकपुरी, पता - शंकर नगर दुर्ग (छ.ग.)
02. चित्रलेखा महंत पति शंकर दास महंत, पता – नीचे मोहल्ला बेलाकछार बालको नगर कोरबा (छ.ग.)
03. सुखदेव पाटिल पिता स्व. श्री नत्थू पाटिल, पता न्यू बाग़ मुगलिया भोपाल (म.प्र.)

नियम शर्तें लागू*
1. भाग्यशाली पाठक कों अपना पहचान पत्र के साथ अखबार का वर्तमान मासिक बिल एवं जमा किये गए फार्मेट का ग्राहक प्रति लाना अनिवार्य हैं। 2. राज्य एवं केन्द्र सरकार की सभी नियम लागू होगा। 3. इस योजना के विजेताओं को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगा। 4. हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। 5. किसी भी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। 6. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते हैं।
शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

ਜੇਹਾ ਚੀਰੀ ਲਿਖਿਆ ਤੇਹਾ ਹੁਕਮੁ ਕਮਾਹਿ॥
ਘਲੇ ਆਵਹਿ ਨਾਨਕਾ ਸਦੇ ਉਠੀ ਜਾਹਿ॥
अंतिम अरदास



सतवंत कौर भाटिया
(1954-2025)
अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि सतवंत कौर भाटिया धर्मपत्नि स. महेन्द्र सिंह भाटिया का स्वर्गवास दिनांक 19 नवंबर 2025 को हो गया है। आत्मिक शांति के लिए रखाए गये श्री अखंड पाठ साहिब जी की समाप्ति 23 नवंबर 2025 दिन रविवार को गुरुद्वारा श्री गुरुनानक नगर (श्याम नगर) रायपुर में सुबह 10:00 बजे होगी।
कीर्तन एवं अंतिम अरदास
23 नवंबर 2025 सुबह 11:30 से 01:00 बजे दोपहर
गुरुद्वारा श्री गुरुनानक नगर (श्याम नगर) रायपुर छ.ग. (गुरु का लंगर-01:30 बजे पूर्ण समाप्ति उपरांत)
(सुबह की बैठक 10:00 से 11:00 बजे गुरूनानक नगर गुरूद्वारा हॉल रायपुर)
शोकाकुल परिवार :-महेन्द्र सिंह भाटिया (पति)
अमोलक सिंह भाटिया, गुरमीत सिंह भाटिया, इंद्रपाल सिंह भाटिया
कुलवंत कौर भाटिया (पत्नी स्व. सुरजीत सिंह भाटिया),
सतविंदर सिंह भाटिया (टिवकंल), जगदीप कौर भाटिया (रज्जी)
संदीप सिंह भाटिया-अवनीत कौर भाटिया (रैनी) (पुत्र-पुत्रवधु)
मंदीप सिंह भाटिया-रानी भाटिया (रायपुर), मनिंदर सिंह भाटिया-मीनी भाटिया (गोंदिया) (दामाद-पुत्री)
समस्त भाटिया परिवार (बिलासपुर, चांपा, रायगढ़, रायपुर)
नोट : जिस किसी भी स्नेहीजन को सूचना न मिली हो इसे ही सूचना जाने।
J.J.Ad

## खबर संक्षेप



### पाखी ने जीता स्वर्ण पदक

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की पाखी भट्ट ने देहरादून में 28वीं अखिल भारतीय वन खेल प्रतियोगिता में लॉन टेनिस की तीन श्रेणियों में तीन स्वर्ण पदक हासिल किये। पाखी भट्ट ने WII को सिंगल्स में 6-0 6-1, मिक्स डबल्स में महाराष्ट्र को 6-0 6-0 और महिला युगल में डब्ल्यूआईआई को 6-0 6-3 से हराकर गोल्ड अपने नाम किया। इसके पहले 27वीं अखिल भारतीय वन खेल प्रतियोगिता में भी पाखी ने 3 गोल्ड अपने नाम किये थे। लगातार दूसरी बार गोल्ड हासिल कर पाखी ने छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है।

### 238 स्थानों पर सड़क बाधा पर जुर्माना

**रायपुर।** निगम मुख्यालय नगर निवेश उडनदस्ता टीम और विभिन्न जोनों की नगर निवेश विभाग टीम ने शहर के मुख्य मार्गो में सुगम आवागमन उपलब्ध करवाने अभियान चलाया। इस दौरान शहर के238 स्थानों पर सडक बाधा शुल्क और सी एंड डी वेस्ट शुल्क के तौर पर 1,72,900 रुपए का जुर्माना वसूला । अभियान के दौरान जोन 1 में 21 लोगो पर 10,500 रुपए, जोन 2 ने 25 लोगो पर 13,500 रुपए, जोन 3 ने 20 लोगो पर 18,500 रुपए जुर्माना वसूला। इसी तरह अन्य जोन में भी संबंधित लोगों को समझाइश दी गई।

### शंकर नगर सड़क डामरीकरण

**रायपुर।** निगम के अधीक्षण अभियंता के मुताबिक शंकर नगर की कुछ आंतरिक सड़कें जो लगातार पानी के प्रभाव में रहने से खराब हुई है उसका डामरीकरण जल्द कराया जाएगा। डामरीकरण एक माह के भीतर करने वर्कआर्डर जल्द जारी होगा। इसके लिए पूर्व में प्रस्ताव बनाकर 15वें वित्त आयोग अंतर्गत विधानसभा वार निविदा कर दी गई है।

### डूंडा में भव्य मड़ई-मेला आज, होगा कई आयोजन

**रायपुर।** राजधानी के कमल विहार स्थित डूंडा गांव में सर्व समाज मड़ई मेला समिति डूंडावासियों द्वारा 22 तारीख को भव्य मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। जिसमें सुबह 11 बजे ग्राम के मंड़ई देवता का पूजा-अर्चना, दोपहर 11 बजे गांव के आसपास से आए हुए ग्राम प्रमुखों का सम्मान समारोह, दोपहर 2 बजे छत्तीसगढ़िया गाजा-बाजा के साथ गांव में मंड़ई देवता का भ्रमण, शाम 6 बजे गणमान्य नागरिकगणों एवं अतिथियों का सम्मान किया जावेगा, रात्रि 9 बजे राष्ट्रीय गोल्ड मेडल विजेता एच बायस डांस ग्रुप डूंडा की प्रस्तुति होगा एवं रात्रि 10 बजे से छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति पर आधारित छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध लोकमंच कार्यक्रम युगल किशोर साहू कृत कारी बदरिया, मोखा गुरूर, जिला बालोद की रंगारंग प्रस्तुति होगी।

# पंडरी जिला अस्पताल बना देश का पहला इंटिग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

जिला अस्पताल पंडरी रायपुर और जिला अस्पताल बलौदाबाजार की इंटिग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब को भारत सरकार के नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर का गुणवत्ता प्रमाणपत्र प्राप्त हुआ है। इनमें पंडरी लैब देश की प्रथम, जबकि बलौदाबाजार लैब देश एवं राज्य की द्वितीय प्रमाणित लैब बना है।

दोनो लैब्स का मूल्यांकन भारत सरकार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा नामित विशेषज्ञ मूल्यांकनकर्ताओं की टीमों ने किया। पंडरी लैब का मूल्यांकन 10 सितंबर को जबकि बलौदाबाजार लैब का मूल्यांकन 11 सितंबर को किया गया। टीमों ने लैब की कार्यप्रणाली, मरीज केंद्रित सेवाएं, गुणवत्ता नियंत्रण, समयबद्ध रिपोर्टिंग और सुरक्षा प्रक्रियाओं की गहन समीक्षा की। मूल्यांकन उपरांत, पंडरी लैब को 90% और बलौदाबाजार लैब को 88% स्कोर के साथ प्रमाणन प्राप्त हुआ। यह स्कोर स्वास्थ्य गुणवत्ता के राष्ट्रीय मानकों में उत्कृष्ट श्रेणी में आता है। गौरतलब है कि जनवरी 2024 से नवंबर 2025 के बीच राज्य की कुल 832 स्वास्थ्य संस्थाओं का राष्ट्रीय मानकों के आधार पर मूल्यांकन और प्रमाणीकरण किया गया है। इनमें दंतेवाड़ा के दूरस्थ क्षेत्र चिंतागुफा जैसे दुर्गम इलाकों के स्वास्थ्य केंद्र भी शामिल हैं।



- भारत सरकार के नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस कार्यक्रम के अंतर्गत प्राप्त हुआ गुणवत्ता सर्टिफिकेट
- बलौदाबाजार का इंटिग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब भी सूची में

### प्रतिदिन 3 हजार से अधिक जांच

इंटिग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब के जरिए मरीजों को एक ही छत के नीचे पैथोलॉजी, बायोकैमिस्ट्री और माइक्रोबायोलॉजी से संबंधित सभी प्रकार की जांच सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। स्वास्थ्य विभाग का मानना है, इससे न केवल जांच की गति और विश्वसनीयता बढ़ती है, बल्कि लोगों को महंगी निजी जांच लैब्स पर अनावश्यक निर्भरता से भी राहत मिलती है। एकीकृत मॉडल होने के कारण, मरीजों को एक ही स्थान पर किफायती और सटीक जांच रिपोर्ट उपलब्ध हो पाती है। पंडरी लैब में प्रतिदिन 3,000 से अधिक जांच की जाती हैं और 120 से अधिक प्रकार की जांच सेवाएं उपलब्ध हैं। इसी तरह बलौदाबाजार लैब में प्रतिदिन 1,000 से 1,200 जांच होती है।

### दूसरे राज्य कर चुके हैं निरीक्षण

स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा पूर्व में भी पंडरी लैब के मॉडल की राष्ट्रीय स्तर पर सराहना की जा चुकी है। देश के 13 से अधिक राज्यों की टीम इस लैब का निरीक्षण कर इसकी कार्यप्रणाली का अवलोकन कर चुकी हैं। स्वास्थ्य सेवा सह संचालक डॉ. प्रियंका शुक्ला ने बताया, लैब को प्रमाणन तभी मिलता है जब कोई संस्थान सभी मानकों पर लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन करे। वहीं सीएम विष्णु देव साय और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इसके लिए बधाई देते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं छत्तीसगढ़ सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## सड़क यातायात में बाधक दुकान और शेड को सड़क सीमा से किया बाहर

# शास्त्री बाजार और आमापारा के पास 45 अवैध ठेले-गुमटी हटाए

- रोड जाम करने वाली अवैध दुकानों को हटाया
- जोन अध्यक्ष सचिन मेघानी कार्रवाई रुकवाने पहुंचे, स्वास्थ्य अधिकारी के साथ झड़प

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगर निगम की टीमों ने गुरुवार को शास्त्रीबाजार, आमापारा, राजेंद्र नगर इलाके में सड़क यातायात में बाधक बनी अवैध दुकानों, ठेले और गुमटियों को हटाने की कार्रवाई की। यह कार्रवाई नगर निगम, जिला प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम प्रहरी द्वारा की गई। इस दौरान राजेंद्र नगर क्षेत्र में जोन अध्यक्ष सचिन मेघानी कार्रवाई रुकवाने पहुंचे। इस दौरान नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी के साथ उनकी झड़प हुई। शासकीय कार्य में बाधा डालने के इस मामले में स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही ने भाजपा पार्षद के खिलाफ शिकायत भी की।

सूत्रों के मुताबिक नगर निगम का अमला अतिक्रमण और गंदगी फैलाने वाली अवैध गुमटी हटाने पहुंचा था। इसी दौरान पार्षद सचिन मेघानी मौके पर पहुंचे और बिना पूर्व सूचना के कार्रवाई करने पर बिफर उठे। आरोप है कि संबंधित पार्षद निगम की टीम से ऊंची आवाज में बात कर रहे थे।

स्वास्थ्य अधिकारी ने उन्हें शांत रहने और तू तड़ाक से बात न करने की बात कही थी। घटनाक्रम का वीडियो वायरल हुआ है। वहीं पार्षदों के समर्थकों ने नगर निगम की टीम पर शिकायतों की बात कहकर आरोप लगाए हैं। घटना के बाद निगम के स्वास्थ्य अधिकारी ने तत्काल निगम आयुक्त विश्वदीप को इसकी सूचना दी कि भाजपा के पार्षद और उनके समर्थक कार्रवाई करने से रोक रहे हैं। इसके बाद न्यू राजेंद्र नगर थाने में शासकीय कार्य में बाधा डालने और दुर्व्यवहार करने की लिखित शिकायत दर्ज करवाई गई है।

**नगर निगम, जिला प्रशासन, पुलिस की संयुक्त टीम प्रहरी उतरी सड़क पर**





### शास्त्री बाजार एवरग्रीन मुख्य मार्ग पर चला अभियान, सामान की जब्ती, अवैध शेड हटाए

*नगर निगम जोन 4 की टीम ने शास्त्री बाजार के एवरग्रीन चौक मुख्य मार्ग पर सुगम आवागमन के लिए अवैध दुकानों को हटाने अभियान चलाया। इस मार्ग पर 20 अवैध ठेलों के कब्जे को हटाया गया। मार्ग किनारे से पसरा लगाकर सड़क पर कब्जा जमाकर रखे गए टेबल सहित अन्य सामान को व्यवस्था सुधारने जब्त किया। 4 से 5 अवैध शेड और 25 अवैध विज्ञापन बोर्ड को मार्ग से हटाकर मुख्य मार्ग को कब्जों से मुक्त किया। नगर निगम की टीम ने सड़क पर कब्जा कर व्यवसाय कर रहे विक्रेताओं से 3 हजार रुपए सड़क बाधा शुल्क वसूला।*

# तालाबों में जलकुंभी, जलीय वनस्पति की सफाई अब मशीन से कराएगा निगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



नगर निगम शहर के तालाबों की सफाई अब मेनुअल की जगह मशीन से कराएगा, ताकि कम समय और कम खर्च में तालाबों को जलकुंभी से मुक्त किया जा सके। इस कार्य के लिए ऑनलाइन टेंडर कर 1.50 करोड़ की लागत से नई मशीन खरीदी जाएगी। मशीन का रखरखाव अनुबंध की शर्त अनुसार अनुबंधित एजेंसी को करना होगा। यह पहला मौका होगा जब प्रदेश के सबसे बड़े नगरीय निकाय में तालाबों की सफाई कार्य में मशीन का उपयोग किया जाएगा।

जलकुंभी से पटते शहर के तालाबों को जलकुंभी मुक्त करना और उसकी नियमित सफाई कराना नगर निगम के लिए एक बड़ी चुनौती है। इसके लिए प्रति वर्ष जोन स्तर पर तालाब सफाई मेनुअल तरीके से कराने ठेका दिया जाता है। इसके बाद भी अपेक्षा अनुरूप सफाई नहीं होने से जलकुंभी की समस्या दोबारा देखने को मिलती है। मेनुअल तरीके से तालाबों की सफाई कराने के कार्य में खर्च भी ज्यादा आता है और समय भी ज्यादा लगता है। इतना ही नहीं, जलकुंभी की अधिकता से तालाबों के जल की गुणवत्ता पर भी असर पड़ता है। इसीलिए समय-समय पर तालाबों को जलकुंभी और जलीय वनस्पति से मुक्त रखना आवश्यक है। विशेषज्ञों के मुताबिक पानी की क्वालिटी खराब होने का एक बड़ा कारण जलकुंभी भी है।

- डेढ़ करोड़ में नई मशीन क्रय करने और रखरखाव करने जल्द होगा टेंडर
- पंद्रहवें वित्त आयोग मद में मिली राशि

### पंद्रहवें वित्त आयोग मद में 1.50 करोड़ की स्वीकृति

पंद्रहवें वित्त आयोग के मिलेनियम प्लस सिटी के अंतर्गत रायपुर नगर निगम द्वारा शहर के तालाबों की मशीन से सफाई कराने का प्रस्ताव राज्य शासन को भेजा गया था। महापौर मीनल चौबे की परिषद ने एमआईसी में यह प्रस्ताव लाया और उसे पारित कर शासन के पास स्वीकृति के लिए भेजा। शासन स्तर पर प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई है। इसमें तालाबों की सफाई के लिए एक्वेटिक बीड हार्वेस्टर मशीन क्रय करने तथा इसके रखरखाव कार्य के लिए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन मद में 1:50 करोड़ रुपए की अनुमति दी गई है।

### ऑनलाइन टेंडर करेंगे

तालाबों की मशीन से सफाई कराने के लिए नई मशीन क्रय करने ऑनलाइन टेंडर किया जाएगा। एजेंसी तय कर मशीन क्रय की जाएगी तथा इसका रखरखाव अनुबंधित एजेंसी द्वारा किया जाएगा।

**- मीनल चौबे, महापौर**
रायपुर नगर निगम

## रात्रिकालीन कूड़ा निस्तारण की निगरानी के लिए विशेष निरीक्षण दल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- रात्रि दस बजे के बाद करेंगे निरीक्षण, नाइट स्वीपिंग मशीन की मानिटरिंग और शिकायतों का निराकरण भी
- स्वास्थ्य विभाग ने विशेष निरीक्षण दल किया गठित

नगर निगम का स्वास्थ्य महकमा शहर के व्यावसायिक क्षेत्रों और प्रतिष्ठानों से निकलने वाले रात्रिकालीन गीले और सूखे कचरे के उचित निष्पादन पर नजर रखेगा। इसके साथ ही चिन्हांकित मार्गो पर निगम से अनुबंधित एजेंसी द्वारा रोड स्वीपिंग मशीन से कराई जा रही रात्रिकालीन सफाई की मानिटरिंग भी नियमित रूप से की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग ने निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर विशेष निरीक्षक दल का गठन किया है। यह दल रात्रिकालीन सफाई कार्य में मिलने वाली शिकातों का निराकरण भी करेगा। राजधानी के अलग-अलग जोन क्षेत्र स्थित व्यावसायिक क्षेत्रों में रात्रिकालीन सफाई की अब नियमित रूप से मानिटरिंग होगी। इस कार्य के लिए प्रभारी जोन स्वास्थ्य अधिकारियों को नोडल अधिकारी और प्रभारी स्वच्छता निरीक्षकों को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। नोडल और सहायक नोडल अधिकारी अपने जोन क्षेत्र में रात्रि 10 बजे के बाद रात्रिकालीन दुकानों, ठेले और गुमटियों से निकलने वाले कचरे के उचित निष्पादन करने निर्देश देने के साथ ही इस कार्य का निरीक्षण भी करेंगे। निरीक्षण के दौरान कोताही बरतने वाले दुकानदारों की सूची बनाकर आवश्यक कार्यवाही करने कहा गया है। जिन जोनो में नाईट स्वीपिंग मशीन रात्रिकालीन सफाई के लिए संचालित की जा रही है, उन जोनो में निर्धारित रूटचार्ट के हिसाब से निरीक्षण किया जाएगा।

### अधिकारियों को दिए निर्देशित

*निरीक्षण के दौरान रात्रिकालीन सफाई कार्य में खामियां मिलने पर संबंधित फर्म को नोटिस दिया जा सकता है। प्रतिदिन फील्ड विजिट की जियो टैग फोटो और कार्यवाही की जानकारी नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग को देनी होगी। अपर आयुक्त विनोद पाण्डेय ने सभी निर्देशों का कड़ाई से पालन करने नोडल और सहायक नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया है।*

## 'रेलवन' एप से बुकिंग से लेकर खाना ऑर्डर की मिलेगी सुविधा



**रायपुर।** रेलवे का नया 'सुपर ऐप' रेलवन अब यात्रियों की सभी जरूरतों का समाधान एक ही प्लेटफॉर्म पर करेगा। डिजिटल इंडिया को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर, रायपुर और नागपुर मंडलों ने बुकिंग कार्यालयों में विशेष जागरूकता अभियान की शुरुआत की है।

हाल ही में लॉन्च किया गया यह रेलवन ऐप यात्रियों को ट्रेनों से जुड़ी लगभग सभी डिजिटल सेवाएं एक ही जगह उपलब्ध कराता है। चाहे टिकट बुकिंग हो, ट्रेन ट्रैक करना, खाना ऑर्डर करना, शिकायत दर्ज कराना या रिफंड पाना—अब सब कुछ एक क्लिक में संभव है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, इस ऐप को "एक ऐप, सब कुछ एक साथ" की सोच पर विकसित किया गया है, जिससे यात्रियों को तेज, स्मार्ट और आसान अनुभव मिल सके। एप की खास बात है कि रेलवन में पिछले यूटीएस या रेलकनेक्ट खाते का उपयोग करके लॉग इन किया जा सकता है। एमपिन या बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण का उपयोग करके लेनदेन जल्दी और सुरक्षित रूप से किए जा सकते हैं। इसके अलावा, आर-वॉलेट का उपयोग करके पूरी तरह से कैशलेस लेनदेन भी संभव है। इस पहल के माध्यम से, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, डिजिटल कनेक्टिविटी और यात्री सुविधा के संदर्भ में भारतीय रेलवे के दृष्टिकोण को और मजबूत कर रहा है।

## चक्रधरनगर में चलेगा नॉन इंटरकनेक्टिविटी का कार्य 4 मेमू 11 दिन के लिए रद्द



**रायपुर।** अधोसंरचना विकास के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में विभिन्न परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में बिलासपुर से झारसुगुड़ा के बीच 206 किलोमीटर चौथी रेल लाइन का निर्माण कार्य अब तक 150 किलोमीटर से अधिक का हो चुका है। इसके अंतर्गत बिलासपुर-झारसुगुड़ा सेक्शन के चक्रधरनगर ब्लॉक केबिन को चौथी लाइन से जोड़ने का कार्य किया जाएगा। चौथी रेललाइन में जोड़ने का यहा कार्य 21 नवम्बर से 11 दिसंबर तक (विभिन्न तिथियो में) किया जाएगा, जिसके कारण कुछ ट्रेनों को रद्द किया गया है। इसमें 23 नवंबर से 3 दिसम्बर तक रायगढ़ से रवाना होने वाली गाडी संख्या 68737 रायगढ़-बिलासपुर मेमू रद्द रहेगी। इसके साथ ही 68738 बिलासपुर-रायगढ़ व 68735 रायगढ़-बिलासपुर भी इसी तारीख में मेमू रद्द रहेगी। 22 नवम्बर से 2 दिसम्बर तक बिलासपुर से चलने वाली 68736 बिलासपुर-रायगढ़ मेमू रद्द रहेगी। दिनांक 23 नवम्बर से 3 दिसंबर तक गोंदिया एवं झारसुगुड़ा से चलने वाली 68861/68862 गोंदिया–झारसुगुड़ा- गोंदिया पैसेंजर बिलासपुर एवं झारसुगुड़ा के बीच रद्द रहेगी।

# नाबालिग बेटी के साथ रेप, आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



- चार वर्ष पूर्व सरस्वती नगर थाना क्षेत्र की घटना
- कोर्ट की टिप्पणी- भक्षक बनकर पिता-पुत्री के रिश्ते को कलंकित किया

चार वर्ष पूर्व अपनी 12 साल की नाबालिग बेटी के साथ रेप करने के आरोपी पिता को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। आरोपी सरस्वती नगर थाना क्षेत्र का रहने वाला है। बच्ची ने अपने पड़ोसियों को घटना की जानकारी दी, तो पड़ोसियों ने इसकी शिकायत महिला एवं बाल विकास के अधिकारियों को दी। इसके बाद बच्ची को बालिका गृह में रख कर काउंसिलिग की गई। काउंसिलिंग के बाद बालिका गृह अधीक्षिका ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। मामले की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक विनय प्रधान की स्पेशल कोर्ट में हुई।

विशेष लोक अभियोजक विमला तांडी के अनुसार जिस व्यक्ति को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है, उस व्यक्ति ने अपनी पत्नी की मौत के बाद अपनी नाबालिग बेटी के साथ कई बार रेप किया। पिता की गंदी हरकतों से परेशान बच्ची घर से बाहर रहने लगी। रात को घर जाने से घबराने लगी। इस पर पड़ोसियों ने बच्ची से पूछताछ की, तो उसने अपने पिता की हरकतों के बारे में पड़ोसियों को जानकारी दी।

### उदारता बरते जाने योग्य नहीं

कोर्ट ने आरोपी को फैसला सुनाते हुए कहा कि भक्षक बनकर पिता-पुत्री जैसे मानवीय रिश्तों को कलंकित किया है, जिससे उसका कृत्य किसी भी तरह से उदारता बरते जाने योग्य नहीं है। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोर्ट ने आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। बच्ची अपने अन्य पांच छोटे-भाई बहनों के साथ पिता के साथ रहती थी।

## सप्ताह में दुर्ग-अजमेर ट्रेन का परिचालन बढ़ाने उठी मांग, प्रतिनिधिमंडल ने सौंपा ज्ञापन



**रायपुर।** आगामी उर्स-ए-पाक के दौरान दुर्ग-अजमेर रेल मार्ग पर यात्रियों की बढ़ती भीड़ व सीमित सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए शहर सीरत-उन-नबी कमेटी, रायपुर ने रेलवे प्रशासन से विशेष इंतज़ाम करने का अनुरोध किया है। कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद सोहैल सेठी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने रायपुर रेल मंडल के अधिकारी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उर्स-ए-पाक के साथ-साथ पुष्कर मेला, खाटू श्याम मंदिर, अजमेर शरीफ और ख्वाजा गरीब नवाज़ दरगाह जैसे धार्मिक स्थलों पर जाने वाले सभी समुदायों हिंदू, मुस्लिम एवं अन्य के यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कई महत्वपूर्ण मांगें रखी गईं।

अध्यक्ष मोहम्मद सोहेल सेठी ने कहा कि कमेटी द्वारा रखी गई मांगें पूरी तरह जनहित को ध्यान में रखकर की गई हैं, जिससे इस रूट पर यात्रा करने वाले सभी श्रद्धालुओं को लाभ मिलेगा। इस अवधि में यात्रियों की संख्या अत्यधिक बढ़ जाती है, जिसके कारण अतिरिक्त सुविधाओं की आवश्यकता होती है। ज्ञापन में प्रमुख मांगों में दुर्ग–अजमेर ट्रेनों की साप्ताहिक आवृत्ति बढ़ाई जाए तथा कम से कम एक ट्रेन को सप्ताहिक किया जाए। व पेंट्रीकार के अलावा मिनी कार या अधिकृत ऑन बोर्ड केटरिंग सेवा की अनुमति दी जाए।

# जालसाज ने एटीएम बदल पीओएस ट्रांजेक्शन कर उड़ाए एक लाख

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



- बुजुर्ग को बातों में उलझाकर एटीएम बदला और पिन नंबर पूछ उड़ाए रुपए
- आमानाका थाने की पुलिस ने अज्ञात जालसाज के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

आमानाका थाना में एक बुजुर्ग ने अज्ञात के खिलाफ एटीएम बदलकर एक लाख नौ हजार रुपए पाइंट ऑफ सेल ट्रांजेक्शन (पीओएस) कर ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बुजुर्ग के साथ ठगी की घटना 13 नवंबर को हुई। बुजुर्ग की शिकायत पर पुलिस एटीएम बूथ में सीसीटीवी कैमरे की पड़ताल कर आरोपी की पहचान कर कार्रवाई करने की बात कह रही है।

टाटीबंध, हाउसिंग बोर्ड कालोनी निवासी राजा राम वोहरा ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। राजा राम ने पुलिस को बताया है कि वह घटना दिनांक को सुबह साढ़े 11 बजे अपने घर के पास नजदीकी एटीएम में पांच हजार रुपए निकालने गया था। उस दौरान एक अन्य युवक पहले से एटीएम में मौजूद था। राजा राम को देखने के बाद वह एटीएम से बाहर निकल गया। राजा राम के पैसे निकालने के बाद जालसाज ने उसे बातों में उलझाकर एटीएम की अदला-बदली कर एटीएम पासवर्ड की जानकारी हासिल कर ठगी की।

### मोबाइल में मैसेज आने पर मिली जानकारी

*एटीएम से एक लाख नौ हजार रुपए आहरण होने का मैसेज राजा राम के बेटे के मोबाइल में आया। इसके बाद राजा राम के बेटे ने बैंक जाकर बैंक डिटेल निकाली, तो पता चला राजा राम के एटीएम से रुपए आहरण होने के साथ कार्ड से अलग-अलग जगह खरीदी कर भुगतान किया गया है।*

## पेज 3 के शेष

### मारपीट में युवक...

आरोपियों को आजीवन कारावास तथा 10-10 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड जमा नहीं करने पर प्रत्येक को एक वर्ष अतिरिक्त कठोर कारावास की सजा भुगतनी होगी।

### सामान्य सभा की...

उक्त बैठक में जनपद अध्यक्ष दौलत पाल, उपाध्यक्ष गोपाल शुक्ला, सभापति चन्द्र प्रकाश टोंडे सहित सभी जनपद सभापति, सदस्यगण एवं जनपद पंचायत के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित हुए।

### आरबीआई ने ...

जा रहा है। शिविर में जिन खातों का समाधान हुआ, उनके खाताधारकों को प्रमाण पत्र भी दिया गया। बताया गया कि जिले के विभिन्न बैंकों एवं बीमा कंपनियों में पिछले दस वर्ष से अधिक समय तक लेनदेन नहीं करने वाले ग्राहकों की राशि भारतीय रिजर्व बैंक में जमा है। इस राशि का भुगतान वास्तविक खाता धारकों या उनके वैध वारिसानों को करने के उद्देश्य से शिविर आयोजित किया गया।

### एसआईआर के लिए ...

अधिकारी एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। एसआईआर कार्यक्रम के अनुसार 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक घर- घर गणना चरण अवधि घर-घर जाकर सत्यापन कार्य, 9 दिसम्बर को मसौदा मतदाता सूची का प्रकाशन, 9 दिसम्बर से 8 जनवरी तक दावा और आपत्ति की अवधि, 9 दिसम्बर से 31 जनवरी तक नोटिस चरण एवं 7 फरवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा।

**न्यायालय नायब तहसीलदार सण्डी तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग.**
**// जाहिर सूचना //**
क्रमांक / 152 / ना.तह. / वा. / 2024 सण्डी, दिनांक 11/11/2025 रा.प्र.क्र. अ/27 वर्ष 2025-26
कास्तकार ग्राम बोहारडीह प.ह.नं. 16 तहसील पलारी घनश्याम पिता रामकुमार जाति रावत, राधा पिता रामकुमार जाति रावत, फुलेश्वरी बेवा रामकुमार जाति रावत, कास्तकार ग्राम बोहारडीह तहसील पलारी जिला-बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.) ........आवेदक
**विरूद्ध**
कुमारी पिता उदेराम जाति रावत, दिनेश पिता पुनीतराम जाति रावत, लक्ष्मी पिता पुनीतराम जाति रावत, कला पिता पुनीतराम जाति रावत, सुशीला पिता पुनीतराम जाति रावत, निवासी ग्राम बोहारडीह तहसील पलारी जिला-बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.) ........अनावेदक
विषयः- अनावेदक की उपस्थिति हेतु ।
उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि इस न्यायालय का रा.प्र.क्र. अ/27 वर्ष 2025-26 के अनुसार आवेदक घनश्याम पिता रामकुमार वगै. निवासी बोहारडीह तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि कास्तकार ग्राम बोहारडीह प.ह.नं. 16 स्थित भूमि ख.नं. 73, 131, 154, 243, 285, 307 रकबा क्रमशः 0.672, 0.016, 0.028, 0.271, 0.219, 0.158 हे. अर्थात कुल खसरा 06 रकबा 1.364 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में आवेदक एवं अनावेदकगणों के नाम पर संयुक्त खाते में दर्ज है। उक्त भूमि को आपसी बटवारा कर बिना किसी विवाद के काश्त काबिज है। उक्त भूमि को आवेदक एवं अनावेदकगणों के द्वारा आपसी बंटवारा एवं कास्त कब्जा के अनुसार खाता विभाजन किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। अतः आप नियत पेशी दिनांक **25/11/2025** को न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभावक के माध्यम से अपनी उपस्थिति अनिवार्य रूप से दर्ज करावे अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही करते हुए प्रकरण में आगामी कार्यवाही पूर्ण कराई जावेगी ।
आज दिनांक **11/11/2025** को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर द्वारा जाहीर सूचना जारी किया गया।
(मुहर)
**नायब तहसीलदार सण्डी (पलारी) जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
21 नवम्बर 2025
SHOW TIME
मस्ती 4
शो समय - 12:00,3:00, 6:00,9:00 PM
दे दे प्यार दे 2
शो समय - 12:00,3:00, 6:00,9:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# नगर में सीसी रोड और चार्जिंग प्वाइंट निर्माण का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

नगर पालिका अंतर्गत पं. दीनदयाल उपाध्याय वार्ड, मेहतानगर में विभिन्न स्थानों पर प्रस्तावित सीसी रोड एवं इलेक्ट्रिक चार्जिंग पॉइंट निर्माण कार्यों का भूमिपूजन हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

भाटापारा नगर पालिका क्षेत्र में जनसुविधाओं के विस्तार, स्वच्छता संवर्धन एवं समग्र विकास को गति देने की दिशा में यह पहल एक महत्वपूर्ण अध्याय के रूप में जुड़ रही।

पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा कि इन विकास कार्यों से स्थानीय निवासियों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा और क्षेत्र के आधारभूत ढांचे को और मजबूत बनाने में यह परियोजनाएँ महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा शहर को आधुनिक, स्वच्छ और सुव्यवस्थित बनाने के लिए नगर पालिका सतत रूप से कार्यरत है। ये निर्माण कार्य भाटापारा को बेहतर नगरीय सुविधाओं वाले शहर के रूप में विकसित करने में सहायक होंगे। इस अवसर पर सभापति गोविंद पटेल पार्षद लैनी अनंत दशरथ साहू, राकेश तिवारी, जिलाउपाध्यक्ष सुनील यदु, मंडल अध्यक्ष योगेश अनंत, धन्नू कुर्रे, ब्रिज जांगड़े एवं वार्डवासी मौजूद थे।



### कचरा कलेक्शन ई-रिक्शा के लिए चार्जिंग पॉइंट

निर्मित होने वाले ये विकास कार्य वार्डवासियों के लिए सुगम, सुरक्षित एवं व्यवस्थित आवागमन की सुविधा प्रदान करेंगे। साथ ही स्वच्छ एवं पर्यावरण-अनुकूल व्यवस्था को प्रोत्साहित करते हुए इलेक्ट्रिक कचरा कलेक्शन ई-रिक्शा हेतु स्थापित किए जा रहे चार्जिंग पॉइंट आधुनिक नगरीय आवश्यकताओं को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होंगे।

## खबर संक्षेप



### नशा मुक्ति के लिए टुंडरा में लगा जागरूकता शिविर

**बलौदाबाजार।** समाज कल्याण विभाग द्वारा महंतलाल कला विज्ञान एवं शिक्षा महाविद्यालय टुण्डरा में नई दिशा अभियान के तहत नशे से मुक्ति के लिए जागरूकता एवं शपथ का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में नशे के दुष्प्रभाव एवं नशे से होने वाली परेशानियों के बारे में छात्रों को अवगत कराया तथा छात्र-छात्राओं द्वारा नशामुक्त भारत अभियान के तहत नशा मुक्ति हेतु क्यूआर कोड के माध्यम से प्रमाण पत्र प्राप्त किया गया। साथ ही जिला चिकित्सालय से नशे के दुष्परिणाम में मनोविकास हेतु परामर्श, रोजगार हेतु हम होंगे कामयाब के तहत जिला प्रशासन द्वारा संचालित पोर्टल में क्यूआर स्कैन में पंजीयन, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिला उत्पीड़न, लैंगीग अपराध के संबंध में जानकारी दी गई।

### सब्जियों के बढ़े दाम, गरीब तबकों की मुश्किलें बढ़ी



**सेल।** ग्राम पंचायत अमोदी के बाजार में सब्जियों के दाम सर्वाधिक महंगे रहे। यहां टमाटर 70 रुपए किलो तक बिक रहा है। इसके अलावा फूल गोभी 80, सेमी 120, अदरक 100 और तिवरा भाजी 120 रुपए किलो बिक रही है।
वहीं बैंगन 50, मूली 30, लाल भाजी 30, करेला, भिंडी, बरबट्टी, हरी मिर्च, धनिया सहित सभी हरी सब्जियों के रेट में भारी उछाल देखने को मिल रहा है। सब्जियों की बढ़ती कीमत का असर स्कूलों में चल रहे मध्याह्न भोजन पर भी पड़ रहा है। रसोइया बताते हैं कि महंगाई के कारण पोषणयुक्त भोजन उपलब्ध कराना कठिन हो गया है। ग्राम अमोदी में शाम 4 बजे लगने वाले सब्जी बाजार में लोगों की भीड़ तो दिखाई देती है, पर महंगाई के कारण लोग मजबूरी में कम मात्रा में सब्जी खरीद रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि टमाटर के बिना सब्जी का स्वाद अधूरा है, लेकिन महंगाई के कारण अब रसोई से जायका गायब होता जा रहा है।

### फर्जी इंस्टाग्राम आईडी आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** अज्ञात व्यक्ति द्वारा नाबालिग लड़की के नाम से फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर बदनाम करने के मामले में रिपोर्ट पर खल्लारी थाने में जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को प्रार्थी ने बताया कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसकी नाबालिग पुत्री के नाम से फर्जी आईडी बनाकर इंस्टाग्राम सोशल मीडिया अकाउंट से उनके बयान व अन्य दस्तावेजों को अपलोड कर उसे तथा उसके परिवार के सम्मान को ठेस पहुंचाने व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का कृत्य किया जा रहा है।

### हथियार लहराने वाले युवक पर कार्रवाई

**महासमुंद।** कृषि उपज मंडी के पास हथियार लहराकर लोगों को आतंकित करने वाले आरोपी को सिटी कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार 20 नवंबर को मुखबीर से सूचना मिली कि कृषि उपज मंडी के सामने रोड में सुशील सोनी नाम का युवक हाथ में चाकू लेकर लोगों को आतंकित कर रहा है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने उक्त आरोपी को गिरफ्तार किया। जिसने पूछताछ में अपना नाम पता सुशील सोनी पिता राजू सोनी, महासमुंद होना बताया।

### बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनांतर्गत प्रतियोगिता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

# बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम में हुई भाषण, रंगोली, कुर्सी दौड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के योजनांतर्गत परियोजना कसडोल के ग्राम तुरमा में महिलाओं एवं बालिकाओं द्वारा भाषण, रंगोली, कुर्सी दौड़, नृत्य प्रतियोगिता एवं परियोजना भाटापारा एवं सिमगा के अंतर्गत उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय खोखली एवं रानीजरौद में रंगोली, निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया।

कार्यक्रम में महिला सशक्तिरण केन्द्र द्वारा विभागीय योजनाएं जैसे- बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, महिला हेल्प लाइन 181, सखी वन स्टाप सेंन्टर, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, पालना, चाईल्ड हेल्प लाइन 1098, दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम 2005 एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकगण, विद्यार्थीगण, जनपद सदस्य एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।





### आत्मानंद स्कूल में हुआ न्योता भोज का आयोजन

कसडोल। नगर के पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय में बालदिवस पर सभी शिक्षकों द्वारा न्योता भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर में शाला विकास समिति के अध्यक्ष गणेश शंकर साहू, सदस्य देवीदास मानिकपुरी, अभिजीत श्रीवास, प्रतिनिधिगण उपस्थित थे। कक्षा पहली से लेकर बारहवीं तक के सभी बच्चों को आमंत्रित किया गया था और सभी प्रतिनिधियों और शिक्षकों ने बच्चों को खाना परोसा। साथ ही विद्यालय में संचालित मध्यान्ह भोजन की महिला समूहों ने मिलकर सहयोग प्रदान की। विद्यालय के सभी बच्चे न्योता भोज खाना खाकर बहुत ही आनंदित हुए। इस अवसर पर प्राचार्य संतोष कुमार वर्मा ने बताया कि न्योता भोज जिसमें कोई भी व्यक्ति अपनी खुशियों के पल जैसे जन्मदिन, शादी, सालगिरह, सगाई या अन्य पर्व पर बच्चों न्योता भोज करा सकते हैं। इस आयोजन में शिक्षकों भी भूमिका महत्वपूर्ण रही।



## सप्तशती संगम में मातृशक्ति ने लिया हिस्सा





**खरोरा।** सरस्वती शिशु मंदिर खरोरा के पोषक ग्राम बेल्दार सिवनी में शुक्रवार को सप्तशती संगम का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मातृशक्ति, विद्यालय परिवार तथा क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

मुख्य अतिथि सरिता धीवर सरपंच बेल्दार सिवनी, विशेष अतिथि खुशबू पुरैना पंच एवं मुख्य वक्ता कंचन वर्मा एवं सीमा पंसारी दीदी रहीं। मुख्य प्रवक्ता कंचन वर्मा ने दुर्गासप्तशती के विविध प्रसंगों पर प्रकाश डालते हुए नारी शक्ति, संस्कार एवं सामाजिक जागरूकता के महत्व को रेखांकित किया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सरिता धीवर सरपंच ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों एवं अभिभावकों में नैतिक मूल्यों का संवर्धन होता है तथा भारतीय संस्कृति के प्रति जुड़ाव बढ़ता है। विशिष्ट अतिथि के रूप में खुशबू पुरैना सहित क्षेत्र की अनेक माताएं कार्यक्रम में उपस्थित रहीं और उन्होंने धार्मिक-सांस्कृतिक गतिविधियों को समाज निर्माण के लिए अत्यंत आवश्यक बताया। कार्यक्रम वक्ता सीमा पंसारी ने भारत के विकास में महिलाओं के योगदान पर प्रकाश डाला एवं नारी शक्ति से अपनी शक्ति को जागृत करने का आह्वान किया। इस कार्यक्रम में गीत, स्वागत नृत्य, वेशभूषा रानी लक्ष्मीबाई, तीजन बाई, सावित्रीबाई फुले एवं प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन पूर्णिमा पाटकर द्वारा किया गया। कार्यक्रम का आभार सरिता धीवर ने किया।

# रासेयो ने की स्कूल प्रांगण के आसपास की सफाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

कमलाकांत शुक्ला इंस्टीट्यूट में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम सुमा में आयोजित किया गया। प्रभातफेरी योगा और परेड हुई। स्कूल परिसर के आस पास नाली की सफाई, स्कूल प्रांगण की सफाई व लिपाई कचरों के ढेर की सफाई, पूर्व माध्यमिक शाला सुमा में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधानपाठक कृष्ण कुमार साहू तथा प्रधानपाठक प्राइमरी रसीद महोम्मद सभी शिक्षक उपस्थित थे। इस अवसर पर इंस्टीट्यूट के संचालक मनीष शुक्ला द्वारा डा. वंदना चौहान स्कूल में पहली से आठवी के छात्र-छात्राओं को कक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार में मैडल वितरण व मोजा-जूता का वितरण किया गया। स्वयं सेवकों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। विभिन्न नारों की गूंज में विद्यालय के छात्रों में उत्साह देखने से को मिला। कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी भावना हेंवार, सहायक प्राध्यापक नेहा सिंह, प्रवीन बिश्वास, मोरजध्वज जायसवाल उपस्थित थे।

### खैरा में लगा रासेयो का सात दिवसीय शिविर

**बगबुड़ा।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दतान ख बगबुड़ा में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा 21 से 27 नवम्बर तक 7 दिवसीय शिविर का शुभारंभ सरपंच हीरा प्रकाश मिरी, उपसरपंच मनहरण पैकरा पंचगण एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में हुआ। शिविर का संचालन प्रभारी प्राचार्य एवं कार्यक्रम अधिकारी चन्द्र कुमार बंछोर के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने गांव की गली में बैनर पोस्टर के साथ भ्रमण किया। प्राचार्य ने बताया कि सात दिवसीय शिविर का मुख्य उद्देश्य नशा मुक्त भारत, बाल विवाह पर रोकथाम, एक पेड़ मां के नाम के तहत लोगों में जागरूकता, रैली के माध्यम से प्रचार प्रसार करना है। शुभारंभ पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। नुक्कड़ नाटक से गांव के लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया। सरपंच, पंच, जनप्रतिनिधियों ने राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर की प्रशंसा की।



## जीएनए कॉलेज में रक्तदान शिविर लगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रेडक्रॉस समिति एवं एचडीएफसी बैंक के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। प्रभारी प्राचार्य डॉ. आनंद कुमार मिंज ने बताया कि रक्तदान मानव सेवा का सर्वोत्तम कार्य है, जिससे किसी जरूरतमंद की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित रूप से रक्तदान के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। रेडक्रॉस समिति प्रभारी डॉ. दीपिका त्रिपाठी ने रक्तदान की प्रक्रिया एवं इससे जुड़ी भ्रांतियों को दूर करते हुए बताया कि वैज्ञानिक दृष्टि से रक्तदान पूर्णतः सुरक्षित है और प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान करना चाहिए।कॉलेज के विद्यार्थियों एवं स्टाफ ने उत्साहपूर्वक शिविर में भाग लिया तथा अधिक संख्या में उपस्थित होकर इसे सफल बनाया। इस दौरान सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र एवं स्मार्ट वॉच देकर सम्मानित किया गया।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक दिन पांच प्रसव कराये गये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़



यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक ही दिन 5 सफल प्रसव कराया गया। इनमें तीन कन्या और दो पुत्र का जन्म हुआ। सभी नवजात शिशु और उनकी माताएं स्वस्थ हैं।

खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. शशि कुमार जायसवाल के नेतृत्व में अस्पताल की सुविधाओं और सेवाओं के प्रति मरीजों का भरोसा बढ़ा है। मरीजों के अनुसार, अस्पताल में मिल रही उन्नत सुविधाओं, बेहतर देखभाल और स्वास्थ्य कर्मियों के संवेदनशील व्यवहार ने लोगों के विश्वास को मजबूत किया। प्रसूति सेवाओं में निरंतर प्रगति के कारण अब अधिकांश गर्भवती महिलाएं सुरक्षित प्रसव के लिए बिलाईगढ़ को प्राथमिकता दे रही हैं।

इस संबंध में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. शशि कुमार जायसवाल ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का उद्देश्य प्रत्येक मरीज को सुरक्षित, सरल और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना है। स्वास्थ्य विभाग और उनकी टीम इस दिशा में लगातार कार्यरत है। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा मिल रही निःशुल्क सुविधाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाई जा रही है। डॉ. जायसवाल ने बताया कि सारंगढ़-बिलाईगढ़ के कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एफ.आर. निराला के निर्देश पर बिलाईगढ़ में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर किया जा रहा है, ताकि क्षेत्र के लोगों को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

### स्वास्थ्य योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की गई

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हुई ब्लॉक स्तरीय समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ब्लॉक स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एफ. आर. निराला मुख्य रूप से उपस्थित थे। उनके साथ खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. शशी कुमार जायसवाल, सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी, प्रभारी बीपीएम, उप-स्वास्थ्य केंद्रों के स्टाफ, सेक्टर सुपरवाइजर शामिल हुए।

बैठक में शासन की विभिन्न महत्वपूर्ण स्वास्थ्य योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की गई, जिनमें प्रमुख रूप से प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, आयुष्मान भारत योजना, कुष्ठ नियंत्रण कार्यक्रम, टीबी उन्मूलन, मलेरिया नियंत्रण, एएनसी सेवाएं, पीएचसी/एचडब्ल्यूसी को मिलने वाली सुविधाएं आदि शामिल थीं। सभी कार्यक्रमों की प्रगति, उपलब्धियों एवं आगामी कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई।



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. निराला ने सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा करते हुए कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से संपादित करने के निर्देश दिए। इसी क्रम में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. शशि कुमार जायसवाल ने एएनसी एवं संस्थागत प्रसव से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन प्रदान किया।

बैठक के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले आयुष्मान आरोग्य मंदिर पवनी तथा आयुष्मान आरोग्य मंदिर परसाडीह के अधिकारी–कर्मचारियों को डॉ. एफ. आर. निराला द्वारा सम्मानित किया गया, ताकि सभी स्वास्थ्य कर्मियों में उत्साह बढ़े और जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकें।

